ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : राजधानी में निवेशकों ने किए 1130 समझौते

30,517 करोड़ का आएगा निवेश

34 विभागों से एमओयू के प्रस्ताव बन चुके, 286 तैयार प्रोजेक्टों से 1.5 लाख से ज्यादा को मिलेगा रोजगार

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। राजधानी में 19 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। अब तक 30,517 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव तैयार हो गया है।

कुल 34 विभागों से 1130 एमओयू साइन किए गए हैं, जिससे 18 लाख से ज्यादा लोगों की रोजगार की राह आसान होगी। सूत्रों के मुताबिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 286 प्रोजेक्ट तैयार हो गए हैं। इससे डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार का लाभ मिलेगा।

एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन में सबसे ज्यादा 234 एमओयू साइन किए गए हैं। इसमें 912 करोड़ का निवेश तैयार है। हाउसिंग विभाग में 174 एमओयू साइन किए गए हैं, जिसमें 14,528 करोड़ का निवेश और वन विभाग में 149 एमओयू के तहत 32 करोड़ का निवेश होगा। सबसे ज्यादा 98,455 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव एडिशनल सोर्सेज ऑफ एनर्जी विभाग में किया गया है। हालांकि, अभी तक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए इसमें से सिर्फ एक पांच करोड़ का ही एमओयू तैयार हो सका है।

19 फरवरी को आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर

कुल तीन लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का रखा था प्रस्ताव

- निवेशकों की ओर से कुल 3,04,780 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि, कुछ कारणों से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी तक प्रस्ताव तैयार नहीं हो सकता।
- अलग-अलग विभागों के लिए एक नोडल अफसर तैनात किया गया है, जो निवेशकों के संपर्क में है। उनकी समस्याओं का निस्तारण नोडल अफसर के जरिये किया जा रहा है। इसे लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

इन विभागों में निवेशकों ने दिखाई रुचि

- निवेशकों ने कृषि, पशुपालन, आयुष, बेसिक शिक्षा, कोऑपरेटिव, डेयरी, सिविल एविएशन, ऊर्जा, एक्साइज, सूचना, स्वास्थ्य, स्किल डवलपमेंट, मछली पालन, फूड एंड सिविल सप्लाई, ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्री डवलपमेंट अथॉरिटी, हैंडलूम एंड टैक्सटाइल्स, उच्च शिक्षा, बागवानी, हाउसिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डवलपमेंट, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल हेल्थ, पर्यटन, परिवहन, अर्बन डवलपमेंट, यूपी एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल अथॉरिटी और यमुना एक्सप्रेस-वे समेत अन्य विभागों में रुचि दिखाई है।

583 करोड़ की मिलेगी सौगात

लोकार्पण की जाने वाली परियोजनाओं के बचे कामों को लेकर एलडीए वीसी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को बैठक की। संवाद

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शहरवासियों को 583 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे। वे 19 फरवरी को बसंतकुंज योजना में 65 एकड़ में बन रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल, 2500 प्रधानमंत्री आवास, यूपी दर्शन पार्क, ग्रीन कॉरिडोर, गोमती ब्रिज आदि परियोजनाओं का लोकार्पण कर सकते हैं।

एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को इन परियोजनाओं को अंतिम रूप देने को लेकर अधिकारियों और अभियंताओं के साथ अहम बैठक की। उन्होंने सभी काम गुणवत्ता के साथ समय से पूरे कराने के निर्देश दिए। इस संबंध में उपाध्यक्ष ने सचिव और अपर सचिव की अध्यक्षता में अधिकारियों की टीम भी गठित कर दी है, जो फील्ड पर उतरकर निर्माण, विकास व हॉर्टीकल्चर के कामों को अपनी निगरानी में पूरा कराएगी।

19 को इन परियोजनाओं का लोकार्पण कर सकते हैं पीएम

परियोजनाएं	लागत
पीएम आवास	162.04
राष्ट्र प्रेरणा स्थल	117.91
ग्रीन कॉरिडोर	84.00
गोमती ब्रिज	33.98
यूपी दर्शन पार्क	10.14

(करोड़ रुपये में)



यूपी दर्शन पार्क

उपाध्यक्ष ने बताया कि बसंतकुंज में 2500 प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। इसके अलावा ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तहत 33.98 करोड़ की लागत से गऊघाट पर सेतु और 84 करोड़ रुपये से आईआईएम रोड से बंधे व सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उधर, 15.58 करोड़ की लागत से बटलर पैलेस झील, काला पहाड़ झील व एल्डिको उद्यान झील के संरक्षण व सौंदर्यीकरण का काम भी चल रहा है। (माई सिटी रिपोर्टर)